web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 17 अगस्त 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 320

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

## इसरो ने की एसएसएलवी-डी3 रॉकेट की सफल लॉन्चिंग, देश को मिला नया ऑपरेशनल रॉकेट

**नई दिल्ली ।** आरएनएस



इसरो को 16 अगस्त की सुबह 9:17 बजे ऐतिहासिक सफलता मिली है। धरती की निगरानी के लिए ईओएस-8 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से शुक्रवार सुबह सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया । इस रॉकेट के अंदर नया अर्थ ऑब्जरवेशन सैटेलाइट ईओएस-8 लॉन्च किया गया है। एक छोटा सैटेलाइट एसआर-0 डीमोसट भी पैसेंजर सैटेलाइट भी रॉकेट से साथ भेजा गया है। दोनों सैटेलाइट्स धरती से 475 किमी की ऊंचाई पर एक गोलाकार ऑर्बिट में चक्कर लगाएंगे।

ईओएस-08 में लगे हैं तीन पेलोड

एसएसएलवी-डी3-ईओएस-08 मिशन में ले जाए गए उपग्रहों का वजन 175.5 किलोग्राम है। ईओएस-08 मिशन के उद्देश्यों में माइक्रोसेटेलाइट को डिजाइन और विकसित करना शामिल है। ईओएस-08 में तीन पेलोड लगे हैं।इनमें इलेक्ट्रो आप्टिकल इन्फ्रारेड पेलोड (ईओआइआर), ग्लोबल नेविगेशन सेटेलाइट सिस्टम-रिफ्लेक्टोमेट्री पेलोड (जीएनएसएस-आर) और सीआइसी यूवी डोसीमीटर शामिल हैं।

ईओआइआर पेलोड को उपग्रह आधारित निगरानी, आपदा निगरानी, पर्यावरण निगरानी के लिए तस्वीरें खींचने के लिए डिजाइन किया गया है। जीएनएसएस-आर समुद्र की सतह की हवा का विश्लेषण, मिट्टी की नमी का आकलन, बाढ़ का पता लगाने के लिए रिमोट सेंसिंग क्षमता प्रदर्शित करेगा। एसआइसी यूवी डोसीमीटर गगनयान मिशन में पराबैंगनी विकिरण की निगरानी करेगा। एसआइसी यूवी डोसीमीटर गगनयान मिशन में पराबैंगनी विकिरण की निगरानी करेगा।

इसरो लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) की तीसरी और अंतिम विकासात्मक उड़ान के जरिये पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-08 को प्रक्षेपित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह एसएसएलवी-डी3 की तीसरी और अंतिम विकासात्मक उड़ान होगी।

## पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर भीषण सड़क हादसा, 2 की मौत और 10 घायल

**ग्रेटर नोएडा ।** आरएनएस




ग्रेटर नोएडा के थाना दादरी इलाके में बीती देर रात एक एक गाड़ी ने पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर खड़े एक ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई और 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

बताया जा रहा है कि ट्रक लोहे की प्लेटों से भरा हुआ था। ट्रक से कुछ सामान गिरने पर ड्राइवर गाड़ी को रोक कर सामान चेक कर रहा था। उसी दौरान ये हादसा हुआ।

पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती देर रात लगभग 12.30 बजे थाना दादरी में सूचना प्राप्त हुई कि एक ईको कार (यूपी 24 बीए 8268) पानीपत से डासना, सिकन्दराबाद, बुलन्दशहर होते हुए बदायूं जा रही थी।पेरीफेरल पर पोल नंबर 70 के पास एक ट्रक (आरजे 25 जीए 7644) से लोहे की प्लेट/ सामान गिर गया था। ड्राइवर ट्रक को रोककर लोहे के सामान को चेक कर रहा था। इसी समय पीछे से आ रही ईको कार ने पेरीफेरल पर खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी।

ईको कार में सवार 1 महिला सहित कुल 12 व्यक्ति इस दुर्घटना में घायल हो गए। इसकी सूचना मिलते ही थाना दादरी पुलिस ने तत्काल सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल पहुंचने पर घायलों में से 2 व्यक्तियों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, बाकी घायल व्यक्तियों का इलाज चल रहा है।

पुलिस ने बताया कि कार सवार सभी बदायूं के रहने वाले हैं। जिनमें से मरने वाले एक व्यक्ति की पहचान अकरम के रूप में हुई है। जबकि एक व्यक्ति की पहचान अभी की जा रही है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सर्बानंद सोनोवाल ने मनु भाकर को किया सम्मानित, 10 लाख रुपए का चेक सौंपा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री, सर्बानंद सोनोवाल ने पेरिस ओलंपिक की दोहरी कांस्य पदक विजेता मनु भाकर को सम्मानित किया। सोनोवाल आज यहां पूरे नाविक समुदाय की ओर से उपस्थित हुए। उन्होंने ओलंपिक पदक विजेता मनु को 10 लाख रुपये का चेक सौंपा। भाकर, जो एक अनुभवी नाविक की बेटी हैं, को एक ही ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली एकमात्र भारतीय होने की उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए इंडियन पोर्ट्स एसोसिएशन (आईपीए) की ओर से फूलम गामुसा, एक मॉडल जहाज और 10 लाख रुपये के चेक से सम्मानित किया गया। मनु भाकर ने इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा युवा नाविकों से भी बातचीत की। सोनोवाल ने भाकर की मां सुमेधा भाकर और उनके पिता राम किशन भाकर, को भी सम्मानित किया। राम किशन भाकर मर्चेंट नेवी जहाज पर मुख्य अभियंता के रूप में काम करते हैं।

### इतंजार खत्म : तीन चरणों में होगा जम्मू कश्मीर का चुनाव, हरियाणा में 1 अक्टूबर को वोटिंग, जानें मतगणना की तारीख

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** जम्मू कश्मीर व हरियाणा विधानसभा चुनावों की घोषणा कर दी गई है। जम्मू कश्मीर में तीन चरणों में चुनाव आयोजित किए जाएंगे। चुनाव का पहला चरण 18 सितंबर को होगा। दूसरा चरण 25 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। तीसरे चरण का मतदान 1 अक्टूबर को होगा और वोटों की गिनती 4 अक्टूबर को की जाएगी। यहां सभी उम्मीदवारों को सुरक्षा प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही सभी मतदान केंद्रों की निगरानी सीसीटीवी कैमरे द्वारा भी की जाएगी। वहीं हरियाणा में 1 अक्टूबर को सभी 90 विधानसभा सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। यहां भी वोटो की गिनती 4 अक्टूबर को होगी। यानी जम्मू कश्मीर और हरियाणा विधानसभा के लिए डाले गए वोटो के नतीजे एक ही दिन 4 अक्टूबर को आएंगे। चुनाव आयोग ने बताया कि जम्मू कश्मीर में टोटल 87.09 लाख मतदाता हैं। इनमें 42 लाख 62 हजार महिला मतदाता हैं। पुरुष मतदाताओं की संख्या 44.46 लाख है। यहां पहली बार वोट देने वाले युवा मतदाताओं की संख्या 3.71 लाख हैं। जबकि कुल मिलाकर 20.7 लाख युवा मतदाता हैं जिनकी आयु 20 से 29 वर्ष के बीच है। मतदाता सूची बनाने का काम जारी है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव ने बताया कि 19 अगस्त को अमरनाथ यात्रा समाप्त होगी और 20 अगस्त को फाइनल मतदाता सूची तैयार हो जाएगी। सभी राजनीतिक दलों को इसकी कॉपी भिजवाई जाएगी। पूरे जम्मू कश्मीर में करीब 11, 838 मतदाता केंद्र बनाए जा रहे हैं। यह मतदाता केंद्र कुल 9169 स्थानों पर बनाए जाएंगे। इनमें ग्रामीण क्षेत्रों में 9506 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। प्रत्येक मतदान केंद्र पर औसतन 735 मतदाता है। जम्मू कश्मीर में चुनाव आयोग ने इस बार 360 मॉडल पोलिंग स्टेशन बनाने का फैसला किया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि जम्मू कश्मीर में कुल 90 विधानसभा सीटें हैं। इनमें से 74 जनरल, 9 एसटी व 7 एससी सीटें हैं। अमरनाथ यात्रा समाप्त होने के अगले दिन यानी 20 अगस्त को चुनाव का गजट नोटिफिकेशन किया जाएगा। दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा चुनाव की घोषणा की। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि जम्मू कश्मीर की पार्टियों ने सुरक्षा को लेकर निवेदन किया था। इसको देखते हुए फैसला लिया गया है कि प्रत्येक चुनाव मैदान में उतरने वाले उम्मीदवारों को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी। चुनाव आयुक्त ने बताया कि कश्मीर में चुनाव के साथ-साथ त्यौहार का भी मौसम है, फलों का भी सीजन है, केसर और सेब का भी सीजन है। चुनाव आयोग के मुताबिक जम्मू कश्मीर का प्रत्येक मतदान केंद्र सीसीटीवी की निगरानी में रहेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के मुताबिक जम्मू कश्मीर और हरियाणा में प्रत्येक मतदान केंद्र पर सीसीटीवी की व्यवस्था की जाएगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर में मतदान केंद्र पर जो लंबी-लंबी कतारें लगी हुई थी वे लोकतंत्र का एक बेहतरीन दृश्य पेश करती हैं। चुनाव के दौरान लगी हुई लंबी कतार एक केवल कतारें नहीं थी बल्कि वह जनता का भरोसा दिखाती हैं।

## एक ही परिवार के 3 बच्चों के शव तालाब से मिलने पर हड़कंप, जमीन विवाद में हत्या की आशंका

**देवघर ।** आरएनएस

देवघर के सोनारायठाड़ी थाना क्षेत्र के डोंडिया-पिपरडंगा गांव में शुक्रवार को गांव के तीन बच्चों के शव एक तालाब से बरामद किए गए। तीनों बच्चे इसी गांव के निवासी बासुदेव यादव और हरिकिशोर यादव के परिवारों के थे।

उन्होंने गांव के ही कुछ लोगों पर बच्चों की हत्या कर शव तालाब में फेंकने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों में इसको लेकर जबरदस्त गुस्सा है। इस घटना के खिलाफ सैकड़ों लोग प्रदर्शन और नारेबाजी कर रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस को भी ग्रामीणों के गुस्से और विरोध का सामना करना पड़ा। ये बच्चे गुरुवार की दोपहर लगभग तीन बजे खेलने निकले थे। उसके बाद से ही वे लापता हो गए। गुरुवार शाम तक कई जगहों पर उनकी तलाश की गई और इसके बाद थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। शुक्रवार को इनकी कई जगहों पर खोजबीन की गई। गांव के तालाब में भी संदेह के आधार पर गोताखोर उतारे गए तो तीनों बच्चों के शव मिले। हरिकिशोर यादव का कहना है कि गांव के विनोद, रीतलाल, मनोज, नवल और शंभू ने जमीन विवाद को लेकर चल रहे निजी रंजिश की वजह से उनके पूरे परिवार के खात्मे की धमकी दी थी। एक सप्ताह पहले इसे लेकर झगड़ा हुआ था और इसकी सूचना पुलिस को दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। शुक्रवार को गांव पहुंची पुलिस को ग्रामीणों ने घेर लिया और जमकर नारेबाजी की। लोगों का कहना है कि पुलिस ने समय पर कार्रवाई की होती तो तीनों बच्चे आज जीवित होते। बाद में डीएसपी ऋतिक श्रीवास्तव और कई थानों की पुलिस पहुंची, लेकिन गुस्साए लोग आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हुए हैं। शुक्रवार दोपहर दो बजे तक बच्चों के शव गांव में ही पड़े थे। लोगों का कहना है कि जब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता, शवों को नहीं उठने दिया जाएगा। बच्चों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## भारत में फिर कोरोना पसार रहा पांव, 28 दिन में 908 नए केस आए सामने, इतने मरीजों की हुई मौत

**नई दिल्ली ।** आरएनएस

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस साल 24 जून से 21 जुलाई के बीच भारत में कोविड-19 के 908 नए मामले सामने आए और दो मरीजों की इस बीमारी से मौत हो गई। डब्ल्यूएचओ के नवीनतम कोविड महामारी विज्ञान अपडेट से पता चला है कि 24 जून से 21 जुलाई के बीच, 85 देशों में हर सप्ताह कोरोना वायरस-2 के लिए औसतन 17,358 नमूनों का परीक्षण किया गया।

इस दौरान पिछले 28 दिन (27 मई से 23 जून) की तुलना में दुनिया भर में नए मामलों में 30 प्रतिशत और मौतों में 26 प्रतिशत की वृद्धि हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि 96 देशों में 1,86,000 से अधिक नए मामले सामने आए और 35 देशों में 2,800 से अधिक मौतें हुईं।

डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट में कहा गया कि महामारी की शुरुआत से लेकर 21 जुलाई तक दुनिया भर में 77.5 करोड़ से अधिक मामलों की पुष्टि हुई है और 70 लाख से अधिक मरीजों की मौत हो चुकी है। कोविड के कारण सबसे अधिक अस्पताल में भर्ती होने और आईसीयू में भर्ती होने की सूचना अमेरिका और यूरोपीय क्षेत्र के देशों से मिली है।

दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र की बात करें तो थाईलैंड (6,704 नए मामले और 35 मौतें) में संक्रमण का असर सबसे ज्यादा है। उसके बाद भारत (908 नए मामले और दो मौतें) और बांग्लादेश (372 नए मामले और एक मौत) का स्थान रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर जेएन.1 के मामले सबसे अधिक आए हैं। इस वेरिएंट के मामले 135 देशों में पाए गए हैं। सार्स कोव-2 के वेरिएंट केपी.3.1.1 और एलबी.1, जो कि जेएन.1 के वंशज हैं, वैश्विक स्तर पर उनके मामले बढ़ रहे हैं।

इस बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के कोविड डैशबोर्ड के अनुसार, भारत के कई राज्यों में कोविड के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, महाराष्ट्र, मेघालय, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में पांच प्रतिशत से ज्यादा की पॉजिटिविटी रेट देखी जा रही है।

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) के अनुसार, अत्यधिक संक्रामक केपी.1 और केपी.2 स्ट्रेन हैं जो जेएन.1 ओमिक्रॉन वैरिएंट से विकसित हुए हैं। ये भारत में भी कोविड मामलों में वृद्धि के लिए जिम्मेदार हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने इस महीने की शुरुआत में संसद को सूचित किया कि अभी तक अस्पताल में भर्ती होने या बीमारी की गंभीरता में कोई वृद्धि नहीं हुई है।

## पंजाब पुलिस को बड़ी सफलता, कुख्यात गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया गिरोह के 4 सदस्य काबू

**जालंधर ।** आरएनएस

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर संगठित अपराधों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए जालंधर ग्रामीण पुलिस ने जालंधर-बटाला हाइवे पर पीछा करके कुख्यात जग्गू भगवानपुरिया गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और वाहन भी बरामद किए हैं, जिससे पंजाब में अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाले एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का भंडाफोड़ हो गया है। यह जानकारी पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने दी।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान असरत कंठ उर्फ साबी, कमलप्रीत सिंह उर्फ कोमल बाजवा, प्रदीप कुमार उर्फ गोरा और गुरमीत राज उर्फ जुनेजा के रूप में हुई है। पुलिस टीमों ने चार हथियार बरामद किए हैं जिनमें एक चीन निर्मित 7.65 एमएम ग्लॉक, दो .30 बोर पिस्टल और एक रिवॉल्वर सहित चार जिंदा कारतूस और तीन मैगजीन समेत उनके दो वाहन महिंद्रा एक्सयूवी (पीबी-09-3039) और ब्रेज़ा (क्कक्च-09-ईपी-7100) भी ज़ब्त किए हैं, जिनका इस्तेमाल अपराध के लिए किया जा रहा था।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरोह के सरगना असरत कंठ उर्फ साबी ने कबूल किया कि ज़ब्त किए गए हथियार जग्गू भगवानपुरिया गैंग के गुर्गे अमन उर्फ अंडा, जो इस समय जर्मनी में रह रहा है, द्वारा सप्लाई किए गए थे। ये हथियार बटाला निवासी संजू उर्फ साहिल कुमार के जरिए सप्लाई किए गए थे, जो इस समय जेल में है।

डीजीपी गौरव यादव ने आगे बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति पंजाब के विभिन्न जिलों में हत्या के प्रयास, अवैध हथियार रखने और गैंग से संबंधित हिंसा समेत कई आपराधिक मामलों से जुड़े हुए हैं।

एसएसपी हरकमलप्रीत सिंह खक ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस टीमों को विश्वसनीय सूचना मिली थी कि संदिग्ध व्यक्ति दो वाहनों, एक महिंद्रा एक्सयूवी और मारुति ब्रेज़ा में जा रहे हैं और भागने की फिराक में हैं। पुलिस टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए, सीआईए स्टाफ जालंधर ग्रामीण के प्रभारी और थाना भोगपुर के मुख्य अधिकारी सिकंदर सिंह ने गांव लहिरा के पास नाका लगाया और उनकी ब्रेज़ा कार को रोकने में कामयाब रहे, जिसके परिणामस्वरूप साबी और कोमल बाजवा को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया।

हालांकि, महिंद्रा एक्सयूवी चला रहे व्यक्ति नाका तोडक़र फरार हो गए, जिनका पीछा करने के बाद पुलिस ने गोरा और जुनेजा को मकसूदा के जिन्दा रोड पर पकड़ लिया और पांचवां आरोपी साजनदीप उर्फ लोडा भागने में कामयाब हो गया।

एसएसपी खक ने बताया कि यह गिरोह पहले 23 जुलाई को बटाला के गांधी कैंप में एक गोलीबारी की घटना में शामिल था, जहां उन्होंने एक प्रतिद्वंद्वी गिरोह के सदस्य, युधवीर उर्फ योद्धा, की हत्या कर दी थी और एक अन्य, राहुल दातर, को गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

एसएसपी खक ने एसपी स्पेशल ब्रांच जालंधर (डी) मनप्रीत सिंह ढिल्लों और डीएसपी आदमपुर सब-डिवीजन सुमित सूद के नेतृत्व में पुलिस टीमों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई क्षेत्र में गैंग गतिविधियों को रोकने के लिए हमारे चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण सफलता है। बता दें, आरोपियों को स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा, जहां पुलिस इस गिरोह की गतिविधियों और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के बारे में और गहराई से जांच करने के लिए रिमांड की मांग करेगी।

## झारखंड निवासी शहीद सैनिकों-अग्निवीरों के आश्रित को 10 लाख और सरकारी नौकरी देगी राज्य सरकार

**रांची ।** आरएनएस

झारखंड निवासी कोई सैनिक मिलिट्री ऑपरेशन और ड्यूटी के दौरान शहीद होता है, तो उसकी पत्नी या आश्रित को राज्य की सरकार विशेष अनुग्रह अनुदान के तौर पर 10 लाख और अनुकंपा पर सरकारी नौकरी देगी। यह प्रावधान अग्निवीरों के लिए भी समान रूप से लागू होगा।

इससे संबंधित प्रस्ताव पर सीएम हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को स्वीकृति प्रदान की। बताया गया है कि राज्य मंत्रिपरिषद के अनुमोदन के साथ ही यह प्रावधान लागू हो जाएगा।

सीएम सोरेन ने कहा है कि अग्निवीरों को नियमित सैनिकों के अनुरूप ही देश की रक्षा-सुरक्षा का दायित्व सौंपा गया है। उन पर भी समान रूप से जीवन का खतरा बना रहता है, इसलिए हमारी सरकार उन्हें भी सैनिकों की तरह सम्मान देने को कृतसंकल्प है।

इसके पहले राज्य सरकार ने होमगार्ड्स को पुलिसकर्मियों की तरह समान कार्य के लिए समान ड्यूटी वेज देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी थी।

शुक्रवार को राज्य के सैकड़ों होमगार्ड्स ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवासीय कार्यालय पहुंचकर सरकार के इस निर्णय के प्रति आभार जताया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी को पूरे मान-सम्मान के साथ जीने का अधिकार है। हमारी सरकार राज्य की जनता हो या किसी भी संवर्ग के सरकारी कर्मी, सभी को उनका अधिकार देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## आरजी कर अस्पताल में तोड़फोड़ के मामले में पुलिस की बड़ी कार्यवाई, 18 लोग गिरफ्तार

**कोलकाता ।** आरएनएस

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के आपातकालीन विभाग में हुई तोडफ़ोड़ के सिलसिले में पुलिस ने अब तक 19 लोगों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को पुलिस ने बयान जारी कर ये जानकारी दी। पुलिस ने कहा, गिरफ्तार किए गए 19 लोगों में से पांच की पहचान सोशल मीडिया फीडबैक के जरिए की गई।

बयान में पुलिस ने जनता से तोडफ़ोड़ के पीछे अन्य संदिग्धों के बारे में भी पुलिस को अपडेट करने का अनुरोध किया है, जिनकी तस्वीरें कोलकाता पुलिस ने गुरुवार को जारी की थी। पुलिस ने एक बयान में कहा, आरजी कर अस्पताल में तोडफ़ोड़ के मामले में अब तक 19 गिरफ्तारियां हुई हैं। उनमें से पांच की पहचान सोशल मीडिया फीडबैक के जरिए की गई। अगर आप हमारे पिछले पोस्ट में किसी संदिग्ध को पहचानते हैं, तो कृपया हमें सूचित करें। आपके समर्थन और विश्वास के लिए धन्यवाद।

बयान के साथ ही पुलिस ने सोशल मीडिया से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर गिरफ्तार किए गए पांच लोगों की तस्वीरें भी जारी की। यह तोडफ़ोड़ और उपद्रव बुधवार देर रात आरजी कर मेडिकल अस्पताल के आपातकालीन विभाग में किया गया, जहां हाइब्रिड क्रिटिकल केयर यूनिट (एचसीसीयू), क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू), आपातकालीन विभाग का टिकट काउंटर और दवा स्टोर रूम है।

सूत्रों ने बताया कि दवा स्टोर रूम में तोडफ़ोड़ में कई लाख रुपये की दवाईयां क्षतिग्रस्त हो गईं। यहां तक कि वहां लगा सीसीटीवी कैमरा भी तोड़ दिया गया। इस बीच, अस्पताल के मेडिकल छात्रों और जूनियर डॉक्टरों के एक वर्ग ने दावा किया है कि उपद्रवियों का इरादा सबूत नष्ट करना हो सकता है। उनके अनुसार, आपातकालीन विभाग में तोडफ़ोड़ इसलिए की गई क्योंकि उपद्रवियों ने सोचा कि यह सेमिनार हॉल है जो क्राइम सीन है। शहर की पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि घटनास्थल पर बर्बरता की घटना का कोई असर नहीं पड़ा है।



आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के सेमिनार हॉल में 9 अगस्त को महिला डॉक्टर के साथ कथित तौर पर बलात्कार किया गया और उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस अपराध के लिए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बाद में कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश पर केस सीबीआई को सौंप दिया गया।

## डाक्टर से दुष्कर्म मामला: मोगा के सिविल अस्पताल में डाक्टरों ने की ओपीडी सेवाए बंद

**मोगा (आरएनएस)।** कलकत्ता में डाक्टर के साथ दुष्कर्म मामले को लेकर मोगा के सिविल अस्पताल में पीसीएमसी डाक्टरों ने भी रोष के कारण ओपीडी सेवाओं बंद की। जिसके कारण मरीजों को बहुत परेशानी हुई। वही डाक्टरों ने रोष प्रदर्शन कर सरकार से सिकोरिटी की मांग की। मरीजों ने कहा कि पंजाब सरकार भले ही लोगों को सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करवाने के मकसद से मोहल्ला क्लीनिक बना रही है। लेकिन आज भी सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर न होने के साथ ही अस्पताल में तैनात डाक्टर और अन्य स्टाफ अ सुरक्षित है आए दिन ड्यूटी पर तैनात स्टाफ और डॉक्टर के साथ अभद्र व्यवहार होने के साथ गाली गलौज की घटनाएं सामने आ रही हैं। वहा पर कोई सुरक्षा कर्मचारी उपदब्ध नही होता। आज इन्होंने अपनी सुरक्षा के लिए जो मांग है वह सरकार को मान लेनी चाहिए। डाक्टर सिमरत खोसा, डा रूपाली सेठी, डा गगनदीप ने कहा कि जो कलकता की डॉक्टर मोमिता के साथ हादसा हुआ है वह निंदनीय है। हमने पहले भी डाक्टर की सुरक्षा के लिए पत्र लिखे है। परंतु कोई भी समाधान नहीं निकाला गया। डाक्टर की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। आज हमने एक दिन के लिए ओपीडी की सुवधा बंद की है।